बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

पत्रांक :– ....

प्रेषक,

कुमार रवि,
सरकार के सचिव।

सेवा में,

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव,
सभी मुख्य अभियंता/मुख्य वास्तुविद्,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

पटना, दिनांकः–

विषयः– **भवन निर्माण विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं के स्थल निरीक्षण के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभाग द्वारा बड़ी संख्या में योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जा रहा है। इसमें पंचायत सरकार भवन से लेकर बड़ी–बड़ी योजनाएं शामिल हैं। वर्तमान में भवन निर्माण विभाग से अपेक्षाएं भी अत्यधिक हैं। ऐसे में योजनाओं के निर्माण की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निर्माण कार्य की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु वरीय अभियंताओं द्वारा योजनाओं का लगातार स्थल निरीक्षण अनिवार्य है। विदित हो कि सरकार द्वारा प्रत्येक सप्ताह के बुधवार एवं वृहस्पतिवार का दिन क्षेत्र भ्रमण हेतु निर्धारित किया गया है।

अतः अनुरोध है कि प्रत्येक सप्ताह योजनाओं का अनिवार्य रूप से स्थल निरीक्षण किया जाना सुनिश्चित किया जाय। स्थल भ्रमण हेतु अग्रिम भ्रमण कार्यक्रम सचिव कोषांग में समर्पित किया जाय तथा भ्रमण के उपरांत अगले दिन तक निश्चित रूप से निरीक्षण प्रतिवेदन अवलोकनार्थ प्रस्तुत करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

ह0/–

(कुमार रवि)
सरकार के सचिव।

ज्ञापांकः– 2561 (भ) **पटना, दिनांकः–** 16/3/26

प्रतिलिपिः–सभी अधीक्षण अभियंता एवं सभी कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/3/26

सरकार के सचिव।